बैठक

आज दिनांक 17/07/2020 को 1:30 बजे से महाविद्यालय के प्राचार्य प्रकोष्ठ में प्रो॰ त्रिविक्रम नारायण सिंह (प्राचार्य) की अध्यक्षता में IQAC (Internal Quality Assurance Cell) की बैठक हुई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए।

1. प्रो॰ त्रिविक्रम नारायण सिंह, प्राचार्य - अध्यक्ष - (हस्ताक्षर)
2. डॉ॰ नवल किशोर शर्मा, विभागाध्यक्ष गणित विभाग - सदस्य प्रबन्धन - (हस्ताक्षर)
3. डॉ॰ सतीश कुमार, विभागाध्यक्ष, राजनीतिशास्त्र - वरीय प्रशासनिक अधिकारी सह नोडल समन्वयक - RKumar
4. डॉ॰ मो॰ असगर, उर्दू विभागाध्यक्ष - नोडल ऑफिसर - (हस्ताक्षर)
5. डॉ॰ राजीव कुमार, सहायक प्राध्यापक, इतिहास - सदस्य - Rajeev Kum
6. डॉ॰ ओम प्रकाश प्रभाकर - सहायक प्राध्यापक - दर्शनशास्त्र, सदस्य - Omp
7. डॉ॰ राजीव रंजन, वरीय शिक्षक, ~~वरीय~~ बी.सी.ए. - सदस्य - (हस्ताक्षर)
8. प्रो॰ अभिराम पाण्डेय - वरीय शिक्षक - बी.बी.ए. - सदस्य - (हस्ताक्षर)
9. प्रो॰ अखिलेश कुमार - वरीय शिक्षक - बी.सी.ए. - सदस्य - Kumar
10. श्री मनोज कुमार - प्रधान सहायक - सदस्य - (हस्ताक्षर)
11. श्री रवि कुमार - छात्र बी.सी.ए. - छात्र नामित - रवि कुमार
12. श्री मनोज सिंह - अभिभावक - नामित - मनोज सिंह
13. श्री रवि शंकर - एलुम्नी बी.सी.ए. - नामित - Ravishankar
14. श्री चन्द्रशेखर सिंह - डायरेक्टर, रिवाईस, डुमरा - नामित - (हस्ताक्षर)
15. श्री राकेश कुमार - डायरेक्टर, एडुकेशन सोसाइटी (NGO) लि॰, शांति नगर, सीतामढ़ी - नामित - Rakesh
16. श्री पंकज कुमार - डायरेक्टर, ग्रीनवार स्कील एडुकेशन प्रा॰ लि॰ - नामित (NGO) - Pankaj
17. श्री बालकृष्ण ठाकुर - अ॰ प्रा॰ लेखापाल - आमंत्रित सदस्य - (हस्ताक्षर)

प्राचार्य महोदय ने आगत सदस्यों का परस्पर परिचय कराया, स्वागत संबोधन के साथ इस बैठक की अनिवार्यता और महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए निम्नलिखित एजेन्डा पर सदस्यों से विमर्श करते हुए निर्णय करने का आग्रह किया।

एजेन्डा – ४ – पुस्तकालय की अद्यतन स्थिति पर विचार

प्रस्ताव – 1 सदस्यों ने पुस्तकालय का भौतिक रूप से अवलोकन करते हुए इसे स्वच्छ, व्यवस्थित, दीमक-प्रकोप का शीघ्र सम्यक निदान, समुचित प्रकाश-व्यवस्था, टाईल्स, वासरूम का नवीनीकरण, आवश्यक फर्नीचर की व्यवस्था के साथ – कम्प्यूटराइज्ड / ई-लाइब्रेरी आदि की सुविधा से उन्नत करने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। इसके क्रियान्वयन के लिए प्राचार्य महोदय को अधिकृत किया गया।

एजेन्डा – २ – महाविद्यालय परिसर में अवस्थित भवनों में कम से कम तीन-चार जगहों पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था।

प्रस्ताव – 2 – सदस्यों ने शुद्ध पेय जल की अनिवार्यता को स्वीकारते हुए तीन तत्काल तीन-बिन्दु के पर आर-ओ मशीन लगाने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। क्रियान्वयन हेतु प्राचार्य को अधिकृत किया गया।

एजेन्डा – ३ – बदलते समय में स्मार्ट क्लास की अनिवार्यता।

प्रस्ताव – 3 – सदस्यों ने स्मार्ट क्लास के महत्व और अनिवार्यता को स्वीकारते हुए – परिसर में अवस्थित वर्ग कक्षों में से कक्ष का निरीक्षण किया और कमरा संख्या – 11 को स्मार्ट क्लास के रूप में उन्नत करने का निर्णय लिया। इसके क्रियान्वयन हेतु – किसी अधिकृत सहायक अभियन्ता से परामर्श लेकर कार्य पूर्ण करने के निमित प्राचार्य महोदय को अधिकृत किया गया।

अन्त में प्राचार्य के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

(हस्ताक्षर) नारायण सिंह
15/09/2020
अध्यक्ष

बैठक - 02

आज दिनांक 11/01/2021 को 2:30 बजे से प्राचार्य प्रो० त्रिविक्रम नारायण सिंह की अध्यक्षता में आई क्यू ए सी सेल के सदस्यों की एक आवश्यक आहूत बैठक आयोजित हुई, जिसमें निम्न उपयोगी सदस्यों की उपस्थिति रही —

क्रम	नाम	हस्ताक्षर
1	प्रो० त्रिविक्रम नारायण सिंह	[signature]
2	डॉ० नवल किशोर शर्मा	[signature]
3	डॉ० सतीश कुमार	[signature]
4	डॉ० मो० असगर	[signature]
5	डॉ० राजीव कुमार	Rajeev Kumar
6	डॉ० ओम प्रकाश प्रभाकर	[signature]
7	डॉ० राजीव रंजन	[signature]
8	प्रो० अमिताभ पाण्डेय	[signature]
9	प्रो० अनिर्मलेश कुमार	Kumar
10	श्री मनोज कुमार	[signature]
11	श्री रवि कुमार	Ravi Kumar
12	श्री मनोज सिंह	मनोज सिंह
13	श्री रवि शंकर	Ravishankar
14	श्री चन्द्र शेखर सिंह	[signature]
15	श्री राकेश कुमार	Rakesh
16	श्री पंकज कुमार	[signature]
17	श्री बालकृष्ण ठाकुर (आमंत्रित)	बालकृष्ण ठाकुर

सर्वप्रथम स्वागतोपरान्त प्राचार्य ने पूर्व बैठक की निर्णीत प्रस्तावों की क्रियान्विति से सदस्यों को क्रमशः अवगत कराया तथा अग्रेतर विमर्श के लिए सदस्यों से आग्रह किया।

एजेन्डा - 1 - दिनांक - 15/09/2020 की बैठक के निर्णीत प्रस्ताव संख्या 01 की आंशिक, 02 की पूर्णतः सम्पुष्टि तथा 03 को ले० सम्भवतः सहायक अभियंता सी० पी० यादव के सुझाव के आलोक में विचार —

प्रस्ताव - 1 सदस्यों ने आई क्यू ए सी को उन्नत करने की दिशा में किये गये कार्यों की सम्पुष्टि

करते हुए शेष कार्यों को अविलम्ब पूर्ण करने का निर्णय लिया गया तथा प्राचार्य महोदय को अधिकृत किया गया।

एजेन्डा-2 पूर्व बैठक के प्रस्ताव संख्या-03 के क्रियान्वयन पर सहायक अभियंता का परामर्श

प्रस्ताव-2 - सदस्यों को प्राचार्य ने सहायक अभियंता के परामर्श कक्ष-11 को स्मार्ट क्लास बनाने की बाधा से अवगत कराया। वर्ग कक्ष-11 में कई जगह पानी रिसता है। अतः बी.बी.ए. वर्ग कक्ष-11 और 10 के ऊपर तीन वर्ग कक्ष बरामदा सहित बनवाने और वर्ग कक्ष-11 के ऊपर वाले कक्ष को स्मार्ट क्लास बनाने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। इसके क्रियान्वयन के लिए प्राचार्य महोदय को अधिकृत किया गया।

एजेन्डा-3 - महाविद्यालय में शौचालय आदि के निर्माण पर विचार।

प्रस्ताव-3 - सदस्यों ने महाविद्यालय में अब तक एक भी शौचालय छात्र/छात्राओं के लिए नहीं है। इसलिए बी.बी.ए. वर्ग कक्ष-11 और 10 के ऊपर बनने वाले भवन के साथ ऊपर सीढ़ी और तीन नीचे और तीन ऊपर छात्र के लिए तथा इतनी संख्या में छात्राओं के लिए बनाने और अपडेट करने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। इसके लिए प्राचार्य महोदय को अधिकृत किया गया।

एजेन्डा-4 - महाविद्यालय में नामांकित होनेवाले विद्यार्थियों के लिए सभी शुल्कादि ऑनलाइन माध्यम से जमा करने पर विचार।

प्रस्ताव-4 - महाविद्यालय में शिक्षकेतर और शिक्षकों की संख्या कमी तथा पारदर्शिता तथा विद्यार्थियों की सुविधा के लिए सभी कार्यों - नामांकन, पंजीयन, परीक्षा

प्रपत्र आदि से सम्बन्धित शुल्कादि ऑनलाइन ही जमा करने पर सर्वसम्मति व्यक्त की गयी। इसके क्रियान्वयन के लिए प्राचार्य महोदय को अधिकृत किया गया।

प्रस्ताव - 5 - महाविद्यालय में नामांकित विद्यार्थियों में से NSS के लिए चयन और उसे जीवंतता प्रदान करना।
प्रस्ताव - 5 - सदस्यों ने सर्वसम्मति से समन्वयक डॉ. नवल किशोर शर्मा को कोरोना काल के समाप्त होने पर उसे गति देने का निर्णय लिया। साथ ही इसके अन्तर्गत राष्ट्रीय अधिसूचित कार्यक्रमों को ससमय सम्पादित करने का आग्रह किया।

अगली बैठक तक के लिए धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा की कार्यवाही ~~समाप्त~~ स्थगित की गयी।

(हस्ताक्षर)
11/01/2021
अध्यक्ष